तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 25 अगस्त 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



हरितालिका तीज व्रत कल 2





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### अग्नीवीर शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण हेतु आवेदन 29 तक

**अम्बिकापुर।** उपसंचालक, रोजगार ने बताया कि भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु सेना भर्ती वर्ष 2025-26 हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसका कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन वायु सेना भर्ती कार्यालय द्वारा किया गया। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में जिले के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को जो उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण (1.6 कि.मी. दौड़, बीम पुल अप, 9 फीट गड्ढ़ा कूदना आदि) प्राप्त करने के इच्छुक हो, वो अपनी परीक्षा में उत्तीर्ण संबंधी समस्त दस्तावेजों के साथ स्वयं कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगारमार्गदर्शन केन्द्र गंगापुर खुर्द में 29 तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### लेखा प्रशिक्षण शाला में लिपिकीय संवर्ग हेतु आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** लेखा प्रशिक्षण शाला अंबिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि सत्र नवम्बर 2025 से फरवरी 2026 तक लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी हेतु आवेदन 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया गया है। पूर्णरूपेन भरा हुआ आवेदन पत्र जिसमें 3 वर्ष पूर्ण सेवा के साथ परिवीक्षा अवधि अनिवार्य रूप से पूर्ण होने के पश्चात अपने कार्यालय/विभाग के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला अम्बिकापुर, कन्या परिसर, (महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में निर्धारित समयावधि में जमा किया जा सकता है।

### बीईओ की शिकायत कलेक्टर से, शिक्षिका ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**अम्बिकापुर।** विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डो समुदाय की एक शिक्षिका ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ओड़गी पर बेवजह वेतन भुगतान रोककर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है तथा मामले में शिकायत कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से की है। प्राथमिक शाला कालीपारा देवड़ी में पदस्थ शिक्षिका संगीता पण्डो ने बताया पेट का ऑपरेशन होने के कारण उसने 30 जून से 14 जुलाई तक अर्जित अवकाश का आवेदन दिया था। वीईओ कार्यालय द्वारा कोई सूचना दिए बिना जुलाई माह का वेतन रोक दिया गया है। इसके पूर्व भी अकारण दो बार मेरा वेतन रोककर मुझे परेशान किया गया। शिक्षिका ने बीईओ राजीव कुमार सिंह एवं कार्यालय में पदस्थ लिपिक पर गंभीर आरोप लगाया है तथा मामले की शिकायत कलेक्टर एवं डीईओ से की है। इस संबंध में डीईओ अजय मिश्रा ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी तथा जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### करंट से दो लोगों की मौत, ढाई महीने बाद धराया आरोपी

**अम्बिकापुर।** फसल की सुरक्षा के लिए खेत में लगाए गए करंट से दो लोगों की मौत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद आरोपी फरार था। लखनपुर थानान्तर्गत लोसंगी पंडरी पानी निवासी रघुनाथ मांझी ने फसल की सुरक्षा के लिए अपने खेत के चारों ओर करंट की बाड़ लगाई थी। इस दौरान करंट की चपेट में आने से नीरसाय यादव एवं विष्णु मांझी की मौत हो गई थी। 30 मई को हुई इस घटना के बाद आरोपी फरार था। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी थी। करंट से मौत होने के साक्ष्य मिलने पर पुलिस बीएनएस की धारा 105 विद्युत अधिनियम की धारा 135 का अपराध दर्ज कर आरोपी को तलाश रही थी। पुलिस ने फरार चल रहे रघुनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हुकिंग कर करंट की बाड़ लगाने का अपराध स्वीकार किया।

### दो साल से बंद पड़ा है मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण का काम

# 98 करोड़ रुपए मिलने के 5 महीने बाद भी नहीं किया गया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- खर्च होने है 109 करोड़

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए 98 करोड़ रुपए की राशि जारी होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग की ओर से टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। निर्माण के लिए विभाग की ओर से निर्माण एजेंसी को 5 महीने पहले ही राशि जारी कर दी गई लेकिन इसके बाद भी टेंडर जारी नहीं होने से अस्पताल भवन का निर्माण अधर में लटका हुआ है जबकि निर्माण में हुई लेट-लतीफी से अस्पताल प्रबंधन और मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टेंडर जारी नहीं होने के बीचे की मुख्य वजह अनुमानित लागत से 11 करोड़ रुपए कम राशि जारी किया जाना बताई जा रही है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन का निर्माण राशि के आभाव में अप्रैल 2023 से बंद पड़ा हुआ है। अस्पताल भवन के शेष बचे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए 109 करोड़ रुपए की जरुरत थी और शासन को राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन की ओर से लम्बे इन्तजार के बाद 109 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा भी नवम्बर 2024 में की गई लेकिन शासन से सिर्फ 98 करोड़ रुपए ही जारी किए गये। 11 करोड़ रुपए की राशि कम जारी होने से निर्माण एजेंसी और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन भी उहापोह की स्थिति में है। तकनीकी कारणों से हुई इस चूक और राशि कम जारी होने से भविष्य में फिर से निर्माण कार्य अधर में लटक सकता है और यही वजह है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया को शुरू नहीं कर पा रह था। निर्माण की लागत 109 करोड़ है और यदि विभाग 98 करोड़ रुपए का टेंडर जारी कर्ता है तो निर्माण फिर से अटक जाएगा और फिर से टेंडर की प्रकिया करनी पड़ेगी।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल।

### ईएंडएम से नहीं मिल पाई तकनीकी स्वीकृति

बताया जा रहा है कि राशि कम जारी होने के बाद लोक निर्माण विभाग काम शुरू कराने को लेकर असमंजस की स्थिति में फंसा हुआ था। ऐसे में शासन की ओर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश देते हुए यह आश्वासन दिया गया था कि वर्क ऑर्डर जारी होने से पहले तक शेष 11 करोड़ रुपए की राशि भी जारी कर दी जाएगी। शासन से मिले आश्वासन के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा 109 करोड़ के कार्यों को तकनिकी स्वीकृति के लिए भेजा गया था। बताया जा रहा है कि सिविल कार्यों के लिए विभाग से तकनिकी स्वीकृति मिल गई है लेकिन ईएंडएम के कार्यों के लिए टीएस नहीं मिल पाया है।

### अस्पताल में हरपल बढ़ रही परेशानी

मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन के निर्माण का कार्य शुरू नहीं होने से अस्पताल प्रबंधन और मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी इस बारिश में मरीजों को झेलनी पड़ी। वर्षों पुराना जिला अस्पताल का भवन अब जर्जर हो चुका है और छत से जगह जगह पानी टपक रहा है। ऐसे में पूरी बारिश मरीज हलाकान रहे वहीं सुरक्षा को लेकर प्रबंधन की चिंता भी बढ़ गई है। अधिकारियों का कहना है कि टीएस मिलने के बाद टेंडर जारी करने में तीन से चार दिनों का समय लग सकता है और इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया को पूर्ण होने में भी न्यूनतम दो माह का समय लगेगा जबकि निर्माण कार्यों को पूर्ण होने में न्यूनतम दो साल का समय लगने की संभावना है। ऐसे में हरपल मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### जल्द जारी होगा टेंडर

टेंडर जारी करने के लिए तकनीकी स्वीकृति मिलने का इंतजार है। जल्द ही टीएस मिलने के बाद टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद नवम्बर माह तक टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। वर्क ऑर्डर जारी होने से पहले हमें शेष राशि भी जारी कर दी जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है।

-वीरेंद्र चौधरी, ईई लोनिवि

### होने है ये निर्माण

बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासन से कुल 374 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में टेंडर 366 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए टेंडर किया गया था और इसमें 168 करोड़ से हॉस्पिटल भवन का काम होना था। इस राशि से सिर्फ अस्पताल के पांच मंजिला भवन को ही खड़ा किया जा सका है। अस्पताल भवन में अभी प्लास्टर, पेंट-पुट्टी, टाइल्स, सेनेटरी वेयर के काम शेष है इसके साथ ही विद्युतीकरण का 50 प्रतिशत काम शेष है। वहीं अस्पताल में दरवाजा, खिड़की, गैस, ऑक्सीजन पाइप पाइन, एसी, सहित अनेकों कार्य शेष पड़े हुए है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में सिर्फ 65 प्रतिशत ही काम हुआ है और शेष कार्य के लिए ही 109 करोड़ की जरुरत थी।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक को मिला पांच साल का लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वर्ष 2023 में हुआ था कालातीत, लम्बे समय से चल रही थी प्रक्रिया

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक को एक बार फिर से पांच साल तक ब्लड बैंक के संचालन की अनुमति मिल गई है। अस्पताल प्रबंधन को सीडीएससीओ दिल्ली द्वारा वर्ष 2028 तक के लिए लाइसेंस जारी किया गया है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल में ब्लड बैंक संचालित है। इस ब्लड बैंक से प्रतिदिन 20 से 25 यूनिट ब्लड की आपूर्ति अस्पताल में आने वाले मरीजों को की जाती है। इस अस्पताल में वर्ष भर में 10 हजार यूनिट तक ब्लड की खपत होती है जो एक बड़ा आंकडा है। अस्पताल में सिकलिंग, थैलेसेमिया के मरीजों के साथ ही गर्भवती महिलाओं, सड़क दुर्घटना के मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। इस ब्लड बैंक के संचालन की मान्यता वर्ष 2023 में समाप्त हो गई थी जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया था। ब्लड बैंक के लिए सेंट्रल ड्रग स्टैण्डर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन नई दिल्ली को आवेदन किया गया था। लम्बे समय तक चली प्रक्रिया के बाद शनिवार को अस्पताल प्रबंधन को सीडीएससीओ नई दिल्ली द्वारा ब्लड बैंक के लिए 31 दिसम्बर 2028 तक का लाइसेंस जारी कर दिया गया है। इस लाइसेंस के जारी होने के बाद अब अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर के मान्यता का रास्ता भी साफ़ हो गया है।





### मिल गया है लाइसेंस

हमारे ब्लड बैंक को सीडीएससीओ नई दिल्ली से फिर से पांच वर्षों के लिए लाइसेंस जारी कर दिया गया है। लाइसेंस के लिए हमने जून माह में ही आवेदन कर दिया था। होल ब्लड का लाइसेंस जारी होने के बाद अब ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर के लाइसेंस का रास्ता भी खुल गया है।

-डॉ. आरसी आर्या
अधीक्षक

## लबालब हुआ बांकी बांध...



अम्बिकापुर। 20 सालों बाद बांकी बांध के वेस्ट वीयर से लगातार बांध का पानी छलक रहा है।



# यूपी से आकर आदिवासियों पर जानलेवा हमला करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार

- 12 से अधिक की तलाश जारी, सनावल थाना क्षेत्र का मामला, जमीन पर कब्जे को लेकर हुआ था विवाद

**अंबिकापुर।** जमीन विवाद पर यूपी से आकर आदिवासी ग्रामीणों पर जानलेवा हमला करने के मामले में सनावल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि लगभग 12 आरोपी अभी भी फरार चल रहे है। इधर मारपीट से घायल तींग ग्रामीणों की हालत अभी भी बेहद नाजुक है और उनका उपचार जारी है। बता दें कि बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र के तालकेशवरपुर निवासी राम से गोंड के साथ ही विजय सिंह, विद्यासागर सिंह व शंकर प्रसाद 11 अगस्त को खेत में जोताई का काम कर रहे थे। इस दौरान यूपी के सागोबांध क्षेत्र से पहुंचे 22 से 25 लोगों ने जमीन पर अपना हक जमाते हुए आदिवासी ग्रामीणों के साथ जमकर ⏭ शेष पेज 4 पर

# अम्बिकापुर में औसत वर्षा का कोटा पूरा, अभी लगातार होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- नहीं मिलेगी राहत, सोमवार को खाड़ी में सक्रिय होगा दूसरा लो-प्रेशर

इस बार अगस्त के महीने में ही शहर में पूरे वर्षा काल में होने वाली बारिश का कोटा पूरा हो गया है। अभी वर्षा काल का एक महीने से अधिक समय शेष है। भविष्य में होने वाली वर्षा सामान्य बारिश के अतिरिक्त होगी। इसके विपरीत सरगुजा जिला में अब तक सामान्य से 27 फीसदी कम वर्षा रिकॉर्ड होना आश्चर्यजनक है।

इस बार खाड़ी में सक्रिय अधिकांश सिस्टम झारखण्ड से गुजरे जिसके कारण उत्तर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती बलरामपुर जिले में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई। झारखण्ड से सटे कुसमी एवं सामरी क्षेत्र में अधिक वर्षा होने के कारण लोगों को विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ा। अधिक वर्षा होने के कारण मक्का, दलहन एवं तेलहन आदि खरीफ फसलों की खेती नहीं हो सकी। हालांकि खेती के समय लगातार वर्षा होने के कारण संभागभर में इन फसलों की खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। बलरामपुर में अब तक सामान्य से 71 फीसदी अधिक वहीं सूरजपुर में 3 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई जबकि सरगुजा में 27 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। शहर में चार महीने के वर्षा काल में होने वाली औसत 1220 मिमी का कोटा पूरा हो गया है जबकि शहर से सटे अन्य तहसीलों में सामान्य से लगभग 25 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई है। अगस्त के दूसरे सप्ताह में मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने के कारण एक पखवाड़े तक मानसून की वर्षा बंद रही। इस दौरान भी स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा होती रही। खाड़ी में लो-प्रेशर सक्रिय होने के बाद पिछले तीन दिनों से लगातार वर्षा हो रही है। वर्षा बंद होने एवं धूप निकलने के कारण उमस बढ़ गई थी तथा दिन का तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। लगातार बारिश होने के कारण अब अधिकतम तापमान गिरकर 24.0-25.0 डिग्री सेल्सियस के मध्य एवं न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। लो-प्रेशर के मध्यप्रदेश की ओर अग्रसर होने के कारण रविवार को वर्षा की रफ्तार कुछ धीमी पड़ी है लेकिन मौसम विज्ञानी लगातार हो रही बारिश से अभी राहत नहीं मिलने की संभावना जता रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहनभट्ट ने बताया कि सोमवार को उड़ीसा के पास एक दूसरे लो-प्रेशर के सक्रिय होने से वर्षा का क्रम आगामी दिनों तक चलता रहेगा।



ऊफान पर कनहर नदी।

### उफान पर नदी-नाले

बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है नदी-नाले उफान पर हैं। रामानुजगंज स्थित कन्हर नदी में बाढ़ के हालात है तथा एनीकट के ऊपर से नदी का पानी बह रहा है। नदी का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। कन्हर नदी में जलस्तर बढ़ने पर नदी का पानी फकीरवा नाला होकर रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 13,14,15 में पहुंच जाता है जिससे आवागमन बाधित हो जाता है।

## रामगढ़ पहाड़ पर मंडरा रहे खतरे को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम ने की चर्चा

# पुरातात्विक और धार्मिक महत्व के स्थल रामगढ़ के लिए बनाएं जनमत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हसदेव क्षेत्र में नए कोल प्रोजेक्ट को दी गई मंजूरी को गलत बताते हुए प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि इस प्रोजेक्ट के कारण आने वाले समय में रामगढ़ पहाड़ का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। गलत तरीके से अधूरी जानकारी प्रस्तुत कर खदान को सहमती दी गई और यह प्रक्रिया ही दोषपूर्ण है। अगर लोगों की इच्छा है कि सरगुजा की पहचान रामगढ़ पहाड़ी जिसका पुरातात्विक महत्व 10 हजार साल पहले की सभ्यताओं का साक्षी है, 5-7 सौ साल पहले भगवान राम, सीता जी का मंदिर बना हुआ है उसकी उपस्थिति से हमें कोई लेना देना नहीं है, जो हो रहा है वो होता रहे तो ठीक है लेकिन यदि इन स्थलों की रक्षा होनी चाहिए तो एक जनमत बनना चाहिए और सभी की अभिव्यक्ति होनी चाहिए जिस आधार पर राजनीती से पृथक शासन प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव रविवार को कोठी घर में रामगढ़ पहाड़ के अस्तिव पर मंडरा रहे संभावित खतरे को लेकर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि इसके अस्तित्व को बचाने के लिए रामगढ़ संरक्षण-संवर्धन समिति का गठन किया गया है और इसका पंजीयन भी हो गया है इसमें कुल 9 सदस्य है लेकिन मै इसका सदस्य नहीं हूं। उन्होंने बताया कि भूपेश सरकार के कार्यकाल में भी तत्कालीन कलेक्टर ने कोल ब्लॉक को मंजूरी देने के लिए रामगढ़ के ⏭ शेष पेज 4 पर



जानकारी देते पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव।

### पहाड़ी दरक रही इसलिए बना रहे नया मंदिर

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि सीता बेंगरा के सामने एक नए राम मंदिर का निर्माण प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है और कुछ जन प्रतिनिधियों को आगे किया गया है। कोल ब्लाक में हो रही ब्लास्तिक से रामगढ़ की पहाड़ियों में पत्थरों में दरारें आ गई है। सड़क पर लैंड स्लाइडिंग हो रही है और स्वयं प्रशासन की ओर से चेतावनी का बोर्ड लगाया गया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि नया राम मंदिर इसलिए भी बनाया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में रामगढ़ की पहाड़ी पर लोगों को जाने से रोका जा सके। केते एक्सटेंशन को मंजूरी दी गई तो रामगढ़ का बर्बाद होना तय है।

### किसी के खिलाफ पहल नहीं

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि यह किसी कंपनी, सरकार, प्रशासन के विरुद्ध कोई पहल नहीं है। इस खदान के खुलने से किसी को कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन यदि खदान खोला जाता है तो पहाड़ का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। रामगढ़ के एतिहासिक, पुरारात्विक, धार्मिक, समाजीक महत्व के स्थल को मेरी जानकारी में अगर नुकसान पहुंचता है तो आने वाली पीढ़ियों को ना केवल हम इस धरोहर से दूर कर देंगे मै स्वयं खुद को क्षमा नहीं कर पाउंगा।

### पूर्व की सरकार ने रोकी थी अनुमति

श्री सिंहदेव ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में लेमरू एलिफेंट प्रोजेक्ट का एरिया बढ़ाकर 1995 वर्ग किलोमीटर किया गया है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में केते एक्सटेंशन खदान से लेमरू प्रोजेक्ट की दूरी 10 किलोमीटर से कम बताई गई थी, इस कारण यह अनुमति रोकी गई थी। सिंहदेव ने कहा कि इस कोयला खदान में सिर्फ 16.44 हेक्टेयर भूमि ही गैर वनभूमि है। शेष घने जंगल हैं। यहां 4.5 लाख से ज्यादा पेड़ काटे जाएंगे जो भविष्य में छत्तीसगढ़ के पर्यावरण के लिए अत्यधिक खतरनाक होगा।

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा ने संभाला पदभार

**अनूपपुर।** राज्य प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के अधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने अपर कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री मिश्रा पन्ना जिले से स्थानांतरित होकर अनूपपुर जिला आए हैं। इसके पूर्व उन्होंने सतना, उमरिया, सीधी जिलों में प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन किया है।

### जन-सेवा ही संकल्पः रेणुका

**मनेन्द्रगढ़।** विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह के निर्देश पर क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को लगातार सहयोग पहुंचाया जा रहा है। शनिवार को नगर पंचायत खोंगापानी एवं नई लेदरी के जरूरतमंद परिवारजन को स्वेच्छानुदान की राशि प्रदान की गई। वहीं आगे केल्हारी एवं जनकपुर में भी अनुदान राशि वितरित की जाएगी। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि मैं अपने क्षेत्रवासियों के हर सुख-दुख में शामिल हूं। मुझे आमजन की चिंता हमेशा रहती है और मेरा प्रयास यही रहेगा कि उनके लिए कुछ बेहतर कर सकूं। प्रदेश सरकार की यही मंशा है कि हर जरूरतमंद तक समय पर सहयोग पहुंचे और कोई भी परिवार अकेला महसूस न करे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सुशासन की सरकार इस संकल्प को धरातल पर उतार रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेन्द्र राणा, हसदेव मंडल अध्यक्ष सुश्री बबीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनूपपुर।** जिला प्रशासन एवं जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को होटल सूर्या में संपन्न हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि यह अभियान जनजातीय समुदाय के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से पूर्ण समर्पण के साथ इस अभियान को जनहितकारी बनाने का आह्वान किया, ताकि जनजातीय समाज आत्मनिर्भर बनकर मुख्यधारा से जुड़ सके।

## चिरमिरी के कॉलोनियों की मरम्मत की कोई योजना नहीं

# जर्जर सड़कें बनीं परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी



एमसीबी जिले के कोयलांचल नगरी चिरमिरी क्षेत्र की कॉलोनियों की सड़कें बदहाली की चरम स्थिति में पहुंच चुकी हैं। उबड़-खाबड़ सड़कों और जगह-जगह बने गड्ढ़ों से गुजरना स्थानीय लोगों के लिए रोजमर्रा की बड़ी समस्या बन गई है। बीते दो दशक से न तो इन सड़कों का निर्माण हुआ है और न ही कभी मरम्मत की दिशा में गंभीर कदम उठाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार लगभग 20 वर्ष पूर्व एसईसीएल द्वारा कॉलोनियों की सड़कें बनाई गई थी, उसके बाद से अब तक कोई मरम्मत कार्य नहीं हुआ, जिसके चलते डामरीकरण पूरी तरह उखड़ चुका है। स्थानीय रहवासी बताते हैं कि बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं, लेकिन एसईसीएल के पास फिलहाल मरम्मत की कोई योजना नहीं है। दूसरी ओर नगर पालिक निगम चिरमिरी हर साल करोड़ों रूपए नाली और सड़कों पर खर्च करने का दावा करता है, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके उलट है। निगम ने मुख्य सड़क पर ध्यान देने के बजाए किनारे-किनारे पेवर ब्लॉक बिछाने का काम कराया है। इस पर करीब 50-60 लाख रूपए खर्च भी हुए, मगर बीच की जर्जर सड़क जस की तस है। एके जयसवाल स्टाफ ऑफिसर सिविल चिरमिरी ने कहा कि मैंने अभी-अभी पदभार ग्रहण किया है, स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई योजना होगी तो जल्द आगे बढ़ाई जाएगी। वहीं नगर पालिक निगम चिरमिरी के सहायक अभियंता विक्टर वर्मा ने साफ किया कि कॉलोनी सड़कों के निर्माण के लिए फिलहाल हमारे पास कोई योजना नहीं है।

वार्ड पार्षद संदीप सोनवानी ने कहा कि जब से कोरिया की खदानें बंद हुई हैं, तब से एसईसीएल ने क्षेत्र से मुंह मोड़ लिया है। कंपनी के पास कोई योजना नहीं होना बेहद दुखद है।

# हरितालिका तीज व्रत कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


फाइल फोटो

- विधि-विधान से महिलाएं करेंगी पूजा-अर्चना

सुहागिन महिलाओं द्वारा अखंड सुहाग व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर 26 अगस्त को हरितालिका का निर्जना व्रत रखकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। जानकारी के अनुसार हरितालिका तीज का पर्व भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है।

इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर भगवान शिव, माता पार्वती तथा गणेश जी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। हरितालिका तीज पर्व का धार्मिक एवं सांस्कृतिक दोनों ही महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि माता पार्वती ने शिवजी को पाने के लिए निर्जना व्रत रखकर कठिन तप किया था, इसके बाद भगवान शिव ने पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इसी मान्यता को लेकर विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना लेकर हरितालिका तीज रख कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करती है, इसके अलावा कई अविवाहित कन्याएं भी योग्य वर की कामना को लेकर हरितालिका तीज का व्रत रखते हैं, जिससे कि उन्हें मनचाहा वन प्राप्त हो सके।

### इस बार सुबह शुभ मुहूर्त

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार हरितालिका व्रत की पूजा इस बार 26 अगस्त को सुबह के समय है। इस दिन प्रातः 5:56 बजे से 8:31 तक ही शुभ मुहूर्त है। इस अवधि में पूजा कार्य संपन्न कराया जाएगा। पूजन पश्चात माता पार्वती को श्रृंगार सामग्री अर्पित कर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा जाएगा। यह पर्व धार्मिक आस्था का प्रतीक तो है ही, वहीं इस पर्व को महिला शक्ति और उनके समर्पण को भी दर्शाता है।

### सजना के लिए सजती है सुहागिन

तीज व्रत की पूजा सुहागिन महिलाओं के द्वारा परंपरागत नए परिधानों में सजधकर एवं सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करती है। यही कारण है कि शहर के ब्यूटी पार्लरों में पहले से ही सजने संवरने एवं मेंहदी लगवाने के लिए नंबर लगवा चुके हैं। पर्व के एक दिन पहले आज पूजा सामग्री की खरीदी के साथ सजने एवं मेंहदी लगवाने ब्यूटी पार्लरों में भीड़ जुटेगी।

# एनसीईआरटी एवं डीईओ ने किया औचक निरीक्षण

- मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के दिए सुझाव

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा का नई दिल्ली एनसीआरटी से मनोवैज्ञानिक करियर काउंसलिंग एवं गाइडलाइंस विभाग से आए अशोक कुमार तथा जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, आईसीटी लैब, कक्षा - कक्ष तथा विद्यार्थियों की अध्ययन स्थिति का मूल्यांकन किया गया। प्रोफेसर श्री कुमार ने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन तथा म नो वै ज्ञा नि क दृष्टिकोण से पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया गया। अधिकारियों द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं अनुशासन को संतोषजनक एवं उत्तम पाया गया। विशेष रूप से विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता को सराहनीय एवं उत्कृष्ट बताया गया। प्राचार्य बलराज पाल एवं शालेय परिवार द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। उनके सुझावों का विद्यालय विकास में उपयोग करने का आश्वासन दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिरे द्वारा द्वारा 12 वीं साइंस के छात्र-छात्राओं को कक्षा बोर्ड में ही विषय वस्तु को विस्तार से समझाया गया तथा सभी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं उच्च संस्था के बारे में भी बताया गया। 12 वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में आने के लिए विशेष टिप्स के साथ सभी छात्रों को नोट्स बुक तैयार कर ब्लूप्रिंट के माध्यम से पढ़ने के लिए प्रेरणा दी। तत्पश्चात एसएमडीसी के सदस्यों का संकुल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सक्रिय सदस्यों ने सहभागिता निभाई तथा इस प्रशिक्षण में संकुल स्तर के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक तथा संकुल सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं शाला स्तर पर पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

# सड़क सुरक्षा पर वाद- विवाद स्पर्धा



- आत्मानंद विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन समिति बैकुंठपुर द्वारा 23 अगस्त को शहर में सतत बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, जानभागीदारी सुनिश्चित करने, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में सार्थक पहल करते हुए स्वामी आत्मानंद विद्यालय बैकुंठपुर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय विभिन्न हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों के मध्य वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन, सरस्वती वंदना के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश कुमार जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगिता के निर्णायकों व अतिथियों के स्वागत के साथ उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षक गण, विद्यार्थी, अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। प्रतिभागी विद्यार्थियों के मध्य इस गंभीर विषय पर हुए वाद विवाद में यातायात नियमों के पालन, लापरवाहियां, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, हेलमेट तथा सीटबेल्ट के महत्व, नशे में वाहन चलाने जैसी खतरनाक प्रवृत्तियां इत्यादि पर अपने-अपने तर्कों को बेहद प्रभावशाली व प्रखरता से रखने से सभी मुकाबले बेहद रोचक रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहित तिर्की सेजस बैकुंठपुर, द्वितीय स्थान प्रिंसी राजवाड़े हायर सेकेंडरी सलका, तृतीय स्थान सीनू विश्वकर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल बरदिया को निर्णायक मंडल द्वारा नगद पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सक्रिय भागीदारी की भावना को प्रोत्साहन मिलते रहने के आशय से अन्य 3 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपस्थित सभीजन को उल्लास शपथ दिलाते हुए श्री जायसवाल ने अपने उद्बोधन में यह स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा सिर्फ सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं,अपितु यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है तथा स्वयं यातायात नियमों का पालन करने व दूसरों को प्रेरित करने सभी से संकल्प लिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विजय नाथ बाजपेयी विकासखंड नोडल अधिकारी एवं एलिस महिमा विकासखंड साक्षरता मिशन समिति की विशेष भूमिका रही। निर्णायक दल में प्राचार्य श्रीमती पुष्पा सिंह, डॉ. महेश मिश्रा नायक, यातायात प्रभारी बैकुंठपुर, व्याख्याता वीरेन्द्र जायसवाल एवं सेजस बैकुंठपुर के प्राचार्य सुनील मिश्रा उपस्थित रहे।

# विधि विरूद्ध बालकों से चोरी का माल बरामद



- 24 घंटे में चोरी का पदार्फाश

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस की चौकसी और त्वरित कार्रवाई ने 24 घंटे के भीतर थाना चरचा पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा कर चोरी गए लाखों का माल बरामद कर लिया।

प्रार्थी सुमित कुमार चखियार, निवासी स्टाफ कॉलोनी चरचा, जो माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत हैं, 1 अगस्त को अंबिकापुर अपने पैतृक घर चले गए थे। क्वार्टर की देख-रेख के लिए दूसरी चाबी नौकरानी को दी थी। 2 अगस्त की शाम नौकरानी ने फोन कर सूचना दी कि घर का ताला तोड़ दिया गया है। मौके पर पहुंचकर देखा तो घर की जाली कटी हुई थी,ताला टूटा पड़ा था,आलमारी तोड़ने का प्रयास किया गया था। घर से तीन लैपटॉप, चार मोबाइल, आभूषण, चांदी की मूर्ति, सिक्के, ड्राईफ्रूट, बैग और अन्य सामान कुल 1.24 लाख की चोरी होना पाया गया। इस पर अपराध क्रमांक 163/2025 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू हुई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। संदेहियों से लगातार पूछताछ में पुलिस ने दो विधि विरूद्ध बालकों आयु 16 वर्ष, निवासी घुटरी दफाई चरचा को चिन्हित किया।


## सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक: 28 सितम्बर 2025, दिन रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम
(कार्डियोलाजिस्ट)
दिनांक 24 अगस्त, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
- गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255


# ग्रामीण बोले-जरुरत नहीं थी फिर भी बना बड़ा पुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में विकास किस तरह से हो रहा है यह देखना है तो जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत कसरा में आकर देखा जा सकता है। यहां बमुश्किल 50 मीटर की दूरी पर करोड़ों के दो-दो उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य हुआ है, जबकि उन जगहों पर बडे पुल की जरूरत ही नहीं थी। जानकारी के अनुसार राज्य में भाजपा सरकार के दौरान कुछ ही मीटर की दूरी पर दो बडे उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य हुआ, ऐसा विकास सिर्फ कोरिया जिले में ही देखने को मिलेगा कही और नहीं। मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कसरा जो कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित है।

# चिकित्सा सुविधाओं व चिकित्सकों की कमी

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठी में ग्रामीण क्षेत्र वासियों की सुविधाओं, बेहतर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2024 में प्रारंभ किया गया। इसमें छोटे बड़े 16 ग्राम जुड़े हुए हैं, अस्पताल शुरू हुए लगभग 2 वर्ष पूरे होने को है, लेकिन वर्तमान में अस्पताल चिकित्सा सुविधाओं से कोसों दूर है।

अस्पताल में मरीजों के लिए किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, सिर्फ बड़ी इमारत ही दिखाई दे रही है। आसपास के ग्रामीण तथा स्थानीय मरीजों को जिला अस्पताल अनूपपुर या फिर 100 किमी दूर शहडोल मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए जाना पड़ता है, यह अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है।

### डॉक्टरों की भारी कमी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी में केवल एक ही पुरुष चिकित्सक स्थाई रूप से पदस्थ है, यहां चार स्टाफ नर्स समेत 18 लोगों का स्टाफ है, इसमें महिला डॉक्टर, स्टाफ नर्स व चिकित्सक की आए दिन अनूपपुर, कोतमा अन्य जगह ड्यूटी लगा दी जाती है, चिकित्सक की अनुपस्थिति में कोई भी रिलीवर चिकित्सक उपलब्ध नहीं रहता।

### काफी समस्याएं हैं

अस्पताल में काफी समस्याएं हैं, स्टाफ नर्स व हमारी ड्यूटी अक्सर बिजुरी, कोतमा में लगा दी जाती है, इसके कारण हम यहां पर कम समय दे पाते हैं। सड़क की कमी है, विभागीय उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

-डॉ.राजेन्द्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम पंचायत रमेशपुर तहसील रघुनाथनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) को ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक रूद्रमन प्रसाद आ. कृष्णा प्रसाद जायसवाल जाति कलार निवासी ग्राम रमेशपुर तहसील रघुनाथनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा ग्राम रमेशपुर तहसील रघुनाथनगर स्थित अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ख.न. 222 रकबा 0.03 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांक 08/09/2025 तक इस न्यायालय में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है, समय-सीमा के बाद के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
वाड्रफनगर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज


### नगर निगम चिरमिरी में वाहन बीमा घोटाला, अब थाने में शिकायत

**कोरिया कॉलरी।** नगर पालिक निगम चिरमिरी में हुए वाहन बीमा घोटाले को लेकर विभागीय स्तर पर लगातार आना-कानी और ढिलाई बरते जाने के बाद अब मामला पुलिस तक पहुंच गया है। आरटीआई कार्यकर्ता राकेश सिंह ने पोड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार 13 जनवरी 2023 को नगर पालिक निगम चिरमिरी ने निविदा क्र. 4512/वाहन-जल शाखा के अंतर्गत 45 वाहनों के बीमा नवीनीकरण के लिए निविदा आमंत्रित की थी। इस काम की अनुमानित राशि 9 लाख रूपए थी। निविदा प्राप्त ठेकेदार मंजिता ई सलुसन ने निगम को बीमा दस्तावेज सौंपे, लेकिन उन दस्तावेजों में बीमा पॉलिसी नंबर ही नहीं था। यानी कि निगम को फर्जी दस्तावेज थमाकर पूरी राशि का आहरण कर लिया गया। आरटीआई कार्यकर्ता राकेश सिंह का आरोप है कि केवल ठेकेदार अकेले ऐसा घोटाला नहीं कर सकता। निगम अधिकारियों की मिलीभगत के बिना फर्जी दस्तावेजों से भुगतान संभव नहीं। शिक्षित अधिकारी कोटेशन और वास्तविक बीमा पॉलिसी के अंतर को भली-भॉति समझते हैं, बावजूद इसके पूरे घोटाले को अंजाम दिया गया।


TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी.डीएम. कार्डियोलॉजिस्ट
सीने में दर्द या भारीपन
सांस लेने में तकलीफ
लगातार पसीना
नींद न आना
घबराहट एवं बेचैनी
अनियमित हृदय गति
दिनांक 24 अगस्त 2025 दिन - रविवार
मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजीएंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
पेशाब में जलन
प्रोस्टेट बढ़ जाना
पेशाब बार-बार होना
पेशाब बूंद-बूंद पर होना
पेशाब के रस्ते का छोटा होना

## खबर संक्षेप



### कार्मेल स्कूल में बच्चों के परिवार के वरिष्ठजनों को किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित कार्मेल कॉन्वेंट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, में शनिवार को कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के परिवार के वरिष्ठजनों दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई,जिसके बाद विद्यार्थियों ने हास्य एवं मनोरंजन से भरा कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मनमोह लिया,इस दौरान कार्मेल कॉन्वेंट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मार्लिन ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिवार में मौजूद वरिष्ठजन दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के जीवन की अमूल्य धरोहर हैं,उनका स्नेह,आशीर्वाद और अनुभव नई पीढ़ी के लिए उचित मार्गदर्शन का कार्य करता है,यह आयोजन विद्यालय परिवार की ओर से वरिष्ठजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास है।आयोजन में स्कुल की अध्यापक अध्यापिकाओं व अन्य स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित



**बलरामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को की गई। कार्यकारिणी में नगर मंत्री के रूप में सुखसागर गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है वहीं नगर सहमंत्री कुणाल गुप्ता, अभिषेक सिंह (प्रियांशु), सूरज सिंह और कौशल्या कुशवाहा को बनाया गया है। इस अवसर पर जिला संयोजक रितिक सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती आई है और आगे भी छात्रों की समस्याओं के समाधान तथा शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

### रजत महोत्सव के तहत कन्या उमावि में हुई प्रतियोगिता

**अंबिकापुर।** रजत महोत्सव के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदेव राम प्रधान एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज के नेतृत्व में शा. कन्या उमावि लखनपुर में बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उन्हें बालिकाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं विभिन्न प्रकार के खेल व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया साथ ही नशा मुक्त सरगुजा बनाने हेतु शपथ भी ली गई। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विभागीय जानकारी के अंतर्गत लैंगिक समानता, मासिक स्वच्छता, साइबर क्राइम, बाल विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में मिशन शक्ति हब से जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, साइबर सुरक्षा सेल से विक्की गुप्ता, श्रुति तिवारी एवं स्कूल की प्राचार्य शशिधर पांडे, शिक्षक व शाला की छात्राएं उपस्थित रहीं।



## खुलेआम दिन दहाड़े करते हैं शराबखोरी, प्रशासन मौन

# नगर पंचायत का पौनी पसारी शेड बना शराबियों का अड्डा



शेड के नीचे शराब खोरी करते नशेड़ी।



शराब खरीदते युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत नए बस स्टैंड के सामने नगर पंचायत का गरीबों को मिलने वाली दुकान पौनी पसारी प्रतीक्षालय में खुलेआम शराब पिलाए जाने का मामला गंभीर होता जा रहा है। जहां चखना दुकानों पर कुर्सियां लगाकर ग्राहकों को शराब परोसी जाती है। शराबखोरी का यह अड्डा न सिर्फ सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा पर भी संकट खड़ा होने लगा है।

**खास बात**

- नहीं सुनते नपं कर्मचारियों की बात, कार्रवाई करने से कतराती है पुलिस

**बन गया शराबियों का अड्डा**

अंग्रेजी शराब दुकान के सामने नगर पंचायत का पौनी पसारी योजना के तहत बनाई गई छोटे दुकानदारों के लिए, विकसित नहीं हुई। मगर अंग्रेजी शराब दुकान के सामने बनने से यह जरूर शराबखोरी का अड्डा जरूर बन गया है। शराबियों का पुलिस का खौफ नहीं रहा। शायद पुलिस भी अब कार्रवाई करने से कतराती है। खुलेआम शराब पीने से समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहा है, मुख्य मार्ग सड़क किनारे शराब दुकान, बीच में पौनी पसारी और उसके सामने नगर पंचायत का मंगल भवन जो पूरी तरह से शराबियों का अड्डा बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि शराब दुकान के अलावा यहां मटन और मुर्गा की दुकानें भी संचालित हैं। महिलाएं सामान लेने आती हैं, लेकिन वहां मौजूद शराबी और मनचलों की हरकतों से असुविधा होती है। कई महिलाएं अब इस मार्ग से गुजरने से भी बचने लगी हैं तथा इसी रास्ते में धार्मिक स्थान शिवपुर मार्ग भी है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस की जानकारी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। आए दिन नशे में धुत लोगों के कारण झगड़े और उत्पात मचाते है। खुलेआम शराबखोरी से जहां शराबियों का जमावड़ा लगा होता है, वहीं पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर उनके हौसले बुलंद हो गए है। बिना डर भय के चारों तरफ शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि ऐसे अवैध चखना दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**शराबी नहीं मानते बात**

नगर पंचायत के कर्मचारियों को भेजते है लेकिन शराब उनकी बात नहीं मानते और विवाद की स्थिति निर्मित होने पर कर्मचारी वापस लौट जाते है।

-यूफ्रिसिया एक्का
नगर पंचायत सीएमओ

**कड़ी कार्रवाई के लिए करता हूं निर्देशित**

नशेडी खुलेआम शराबखोरी कर रहे तो मामला गंभीर है। मामले को गंभीरता से लेकर हुए कड़ी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित करता है। पुलिस की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-प्रशांत कुमार ठाकुर
एसएसपी सूरजपुर



प्रवेश उत्सव मे विद्यार्थियों के साथ पूर्व डिप्टी सीएम।

## कॉलेज के प्रवेश उत्सव में शामिल हुए सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव शामिल हुए।

एनएसयूआई द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम शुरूआत पहलगाम हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर पर एक प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद लोक गायन और लोक नृत्य के कार्यक्रम हुए। नवप्रवेशी छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें शैक्षणिक सोपान की एक सीढ़ी चढ़ स्कूल से महाविद्यालय पहुंचने की बधाई दी और उन्हें उत्तरोत्तर सफलता की शुभकामनाएं दी। छात्रों को उन्होंने कहा कि जब भी छात्रों को मेरी आवश्यकता हो वो मुझतक अधिकार पूर्वक आ सकते हैं। कार्यक्रम में पहलगाम घटना के थीम पर किये गए मंचन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क ऐसी ओछी घटना के माध्यम से देश के सौहार्द को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है लेकिन इसके विरुद्ध हमे एक रहते हुए देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखना है। इस दौरान शफी अहमद , द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, आलोक सिंह, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, उत्तम राजवाड़े, विकल झा, सतीश बारी, निक्की ख़ान, आशीष जायसवाल, धीरज पटवा, सुरेंद्र गुप्ता, संजर नवाज़, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, गौतम गुप्ता, शंकर लाल सिंह, आयुष सोनी, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, वर्षा जायसवाल, आकांशा, वैष्णवी तिवारी, सेजल श्रीवास्तव, काजल मानिकपुरी, आदि उपस्थित थे।

## जिला क्रिकेट संघ द्वारा ट्रायल की तिथियां घोषित, अंडर-14 का ट्रायल अब 30 को

**अम्बिकापुर।** जिला क्रिकेट संघ की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संघ द्वारा अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर वर्गों के लिए चयन ट्रायल की निर्धारित तिथियां जारी की गई हैं। पहले 24 अगस्त को प्रस्तावित अंडर-14 ट्रायल अब खराब मौसम के चलते 30 अगस्त को आयोजित होगा। इस दिन रायपुर से चयनकर्ता और प्रेक्षक कमल घोष भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संघ के उपाध्यक्ष अभय त्रिपाठी और कोच अलंकार तिवारी ने दी। अंडर-19 ट्रायल 31 अगस्त, अंडर-23 एवं सीनियर ट्रायल 7 सितंबर तथा अंडर-16 ट्रायल 14 सितंबर को होंगे। पात्रता आयु सीमा भी तय की गई है-अंडर-14 के लिए 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच जन्मे खिलाड़ी, अंडर-16 के लिए 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012, अंडर-19 हेतु 1 सितंबर 2007 से पूर्व जन्मे और अंडर-23 के लिए 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच जन्मे खिलाड़ी शामिल होंगे। ट्रायल में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों को छह साल की मार्कशीट, डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधार कार्ड, जिले का मूल निवास प्रमाणपत्र और हाल की पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। सभी दस्तावेजों का पीडीएफ भी अनिवार्य है। यदि खिलाड़ी या उसके अभिभावक सरकारी सेवा में हैं, तो जिले में कम से कम छह माह का कार्यकाल आवश्यक है। संघ ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का विशेष कैंप लगाया जाएगा, जिसमें आपसी मैचों और कोचिंग स्टाफ के मूल्यांकन से 15 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का अंतिम चयन होगा।

# एनएच पर बैठे मवेशियों से टकराया वाहन, दो गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शनिवार की रात एनएच 43 पर रेलवे स्टेशन रोड स्थित सिंह पेट्रोल पंप समीप एक वाहन चालक ने सड़क पर बैठी दो गायों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, साथ ही वाहन सवार एक युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गई है।गौरतलब है कि श्री श्याम गौ सेवा समिति के गौ सेवक अपनी जान की परवाह किए बिना सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को बीती रात रेडियम बेल्ट पहनाने का अभियान चला रहे थे, इनका उद्देश्य था कि रात के अंधेरे में वाहन चालक मवेशियों को आसानी से पहचान सकें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

- वाहन में सवार युवती हुई गंभीर रूप से घायल,इलाज हेतु अस्पताल कराया गया भर्ती
- मवेशियों को सड़क पर खुले में छोड़ने के आरोप में कुंजनगर निवासी मवेशी स्वामी पर भी दर्ज हुआ अपराध

शनिवार की रात करीब 11 बजे जब गौ सेवक आदित्य शर्मा, अक्षत पाठक, बिट्टू भारती, आनंद ठाकुर, रोहन राहु और मयंक साहू रेलवे स्टेशन में सिंह पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट पहना रहे थे, तभी टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 5935 का चालक कोरिया जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमझर निवासी रोशन राजवाड़े पिता सुदामा राजवाड़े ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी दो गौ माता को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गौ माता की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही वाहन में सवार उमझर गांव निवासी 19 वर्षीय रीतू दास पिता कन्हैया दास पनिका को गंभीर चोट आई है जिसे गौ सेवकों द्वारा तत्काल एंबुलेंस से सुरजपुर जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है,मामले में वाहन चालक रोशन राजवाड़े के खिलाफ प्रार्थी गौ सेवक कन्हैया दुबे पिता विजय दुबे द्वारा बिश्रामपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 291 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है,ज्ञात हो कि शनिवार की रात जब सड़क पर आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाया जा रहा था,इसी दौरान एक मवेशी के कान में विभाग द्वारा लगाए गए विभागीय टैग का अवलोकन किया गया,जांच में विभागीय टैग के अनुसार पता चला कि उक्त मवेशी ग्राम कुंजनगर निवासी चंद्रकेश्वर राजवाड़े पिता वशिष्ठ राजवाड़े की है, इस आधार पर गौ सेवकों द्वारा तत्काल बिश्रामपुर थाना में मवेशी को आवारा छोड़ने और सड़क पर दुर्घटना का कारण बनने के आरोप में मवेशी स्वामी चंद्रकेश्वर राजवाड़े के खिलाफ धारा 281, 325 के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई है।बताया जा रहा है कि अब केवल लापरवाह वाहन चालकों पर ही नहीं, बल्कि सड़क पर आवारा मवेशियों को छोड़ने वाले पशु मालिकों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह कदम आमजन की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम माना जा रहा है,ज्ञात हो कि सड़कों पर आवारा पशुओं के कब्जा से आमजन को बेवजह खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## सनराइज स्कूल में बच्चों के बीच मटका सजाओ प्रतियोगिता

**अंबिकापुर।** सनराइज स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच मटका सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का प्रदर्शन करते हुए रंग बिरंगे घड़ो को सजाकर सभी का मन मोह लिया.इसके साथ ही बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा रानी वेश भूषा धारण कर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम करते है और उनमें आत्मविश्वास भरते है। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



## भक्तिभाव से मना गुरु ग्रन्थ साहेब का पहला प्रकाश पर्व

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार की सुबह तड़के श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी का पहला प्रकाश पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया,आयोजन को लेकर प्रबंधन कमेटी व समूह साध संगत द्वारा तीन दिनों पूर्व से तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई थीं,इसके लिए विशेष तौर पर गुरुद्वारा प्रांगण की फूलों से सजावट कराई गई,रविवार की सुबह तड़के करीब 3:45 बजे समूह साध संगत की मौजूदगी में गुरु ग्रन्थ साहेब जी का प्रकाश मुख्य ग्रंथी द्वारा किया गया, हुकूमनामा पढ़ने पश्चात रागी जत्थे भाई अनोख सिंह, हरप्रीत सिंह व बलबीर सिंह ने गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया,सुबह 7 बजे अरदास समाप्ति पश्चात प्रसाद रूपी गुरु का लंगर वितरण किया गया,इस दौरान सिक्ख समाज के सुरजीत सिंह चावला, आनंददीप चावला, जसबीर सिंह, मंजीत सिंह भामरा, रणबीर भामरा, सुविंदर सिंह, प्रिंस ढिल्लों, हरजीत सिंह सैनी, गुरदीप माखीजा, गुरविंदर माखीजा, मनप्रीत सिंह सोहल उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर परिसर का अवलोकन करते हुए उन्होंने साफ सफाई, भवन मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम, जिला आयुष अधिकारी, आयुर्वेद अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने निरीक्षण के दौरान स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर में सभी उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान ओपीडी मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने भवन के मरम्मत, साफ सफाई के लिए भी निर्देशित किया।



# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विविध कार्यक्रम में 200 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय एकता पर्व 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद एवं संयोजक आनंद खेस रहे। इस अवसर पर संकुल अंतर्गत आने वाले छह विद्यालयों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में केवीएस कला उत्सव की विविध प्रतियोगिता आयोजित की गईं। इनमें समूह नृत्य, समूह गीत, कलाकृतियों, परियोजनाओं का प्रदर्शन, वाद्य एवं स्वर संगीत, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य, नाट्य मंचन, दृश्य कला की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोकनृत्य गरबा, पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य, समूह गीत, नाट्य मंचन, दृश्य एवं प्रदर्शनी कला, वाद्य व स्वर संगीत, पारंपरिक कहानी कथन, पेंटिंग में अपनी कला का जौहर दिखाया। छात्रों ने गरबा नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा और कला के माध्यम से गुजरात की सांस्कृतिक समृद्धि को अभिव्यक्त किया। मुख्य अतिथि राजेश प्रसाद ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत की असली शक्ति उसकी सांस्कृतिक विविधता और एकता में निहित है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में जोड़ते हैं।

प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय विद्यालय झगराखांड ने समूह गीत, पेंटिंग, स्वर संगीत, दृश्य कला 2डी और पारंपरिक कहानी कथन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि केन्द्रीय विद्यालय जशपुर ने वाद्य संगीत, समूह नृत्य और दृश्य कला समूह प्रतियोगिताओं में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इसी तरह केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी ने प्रदर्शनियों एवं समूह नृत्य में, मनेन्द्रगढ़ ने वोकल म्यूजिक ग्रुप और वाद्य संगीत परकशन में, बैकुंठपुर ने दृश्य कला 3डी में तथा मेज़बान केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को आगामी संभागीय स्तर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अंबिकापुर संकुल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।



**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया कला उत्सव**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, में सोमवार को छात्रों के बीच कला, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय ने दो प्रमुख कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत और कला उत्सव 2025 का आयोजन किया। दिन भर चले कार्यक्रमों में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने समूह नृत्य, समूह गीत, और पारंपरिक कलाकृतियों की प्रदर्शन किया तथा चित्रकारी प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाया। छात्रों की प्रस्तुति भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट उदाहरण थीं। इसके बाद, कला उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई श्रेणियों में प्रतियोगिताएं हुईं। गायन और वादन में छात्रों ने शास्त्रीय और लोक शैलियों में गायन वादन की। शास्त्रीय व लोक नृत्य तथा लघु नाटकों की प्रस्तुति दी। विद्यालय की लाइब्रेरी और आर्ट रूम में आयोजित दृश्य कला प्रतियोगिता में चित्रकला, मूर्तिकला और अन्य कला रूपों में प्रभावशाली काम दिखाए गए। कार्यक्रम में पारंपरिक भारतीय कलाओं का भी जश्न मनाया गया, जिसमें एक छात्र ने पारंपरिक खिलौने और खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया और एक सर्वांगीण शैक्षिक वातावरण बनाने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया।



तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.आशीश जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ.हेमन्त कुमार बी<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.सोनल गार्डिया<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ.भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>नाक कान गला रोग विशेषज्ञ | डॉ.नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.रोशन आरा<br>एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ | डॉ.हिमांशु गुप्ता<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ | डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा रामतील की उन्नत खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय डॉ. गिरीश चंदेल एवं डॉ. एसएस टुटेजा निदेशक विस्तार सेवाएं के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. राजेश चौकसे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को रामतील की उन्नत खेती के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप कुमार लकड़ा ने वैज्ञानिक तरीके से रामतील की खेती करने एवं लाइन से लगाने के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए जीवामृत तैयार कर फसल में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ. एस सी पंकज ने रामतील में दिए जाने वाले उर्वरक एवं तेल वाली फसलों का फसल चक्र में महत्व प्रकाश डाला। डॉ. शमशेर आलम ने रामतील में लगने वाले कीट और रोग एवं उससे बचाव के उपाय को लेकर जानकारी दी। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी संतोष साहू, नितिन शाक्य, जेंडर तिर्की एवं किसान उपस्थित थे।

### स्कूल में बच्चों को नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत दी गई जानकारी



**बलरामपुर।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग तत्वावधान में ग्राम विकास समिति नशामुक्ति पुर्नवास केन्द्र एवं ब्रह्माकुमारी दीदियों द्वारा शासकीय उमावि जामवंतपुर में छात्र-छात्राओं के लिए नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि नशा करने से अनेक प्रकार की गंभीर बीमारी, सड़क दुर्घटना, पारिवारिक तनाव, बच्चों पर गलत असर पड़ना, आर्थिक तंगी, समय का दुरुपयोग, नकारात्मक विचार जैसे परिमाण भुगतने पड़ते है। संस्था अधीक्षक ने बताया कि जो व्यक्ति नशा के आदी हो गए है और नशा छोड़ने में असमर्थ है उनके लिए नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में निःशुल्क सुविधा भोजन, जीवन कौशल, योग, शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है। ब्रम्हकुमारी दीदियों ने भी आध्यात्मिक ज्ञान और नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया। इस दौरान प्राचार्य फुलमनिया एक्का, शिक्षक शिक्षिका सुमित गाछी, वंदना तिर्की, और समाज कल्याण विभाग,ग्राम विकास समिति से सुनील पाल, सूरज मंडल, ब्रह्मा कुमारी दीदी वीके दुर्गा, वीके.सुमन, शिक्षक एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### परिजन के लिए कैबिनेट मंत्री ने भेजी 10 हजार की सहायता



**भैयाथान।** विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम केवरा में बीते दिनों करंट की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की मौत होने के मामले में मृतक परिवार की पीड़ा को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने त्वरित पहल करते हुए 10 हजार रूपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि उनके लिए भेजी है। मंत्री द्वारा भेजी गई सहयोग राशि को जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, शांतनु गोयल और सीताराम कुशवाहा, रामदेव कुशवाहा ने शुक्रवार को मृतक राम प्रसाद विश्वकर्मा और कल्लू के परिजन को राशि को सौंपकर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। परिजन ने बताया कि अचानक हुए इस हादसे ने उनके परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया है। ऐसे कठिन समय में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा दी गई तात्कालिक मदद से उन्हें बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े का आभार जताया। ग्रामीणों ने प्रशासन ने गांव की बिजली व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो सके।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम करमी टिकरा निवासी प्रेमवती पति कृपाल सिंह (36 वर्ष) 11 अगस्त को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। महिला की तबीयत बिगड़ जाने पर परिजन उसे पत्थगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## लगातार बढ़ रही अवैध कॉलोनियों की संख्या

# अवैध कॉलोनियां बनी शहर विकास के लिए चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के लिए अवैध कॉलोनियां बड़ी चुनौती बन गई है। ननि प्रशासन की लगातार कोशिशों के बावजूद अवैध कालोनियों के नियमितिकरण की बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। अवैध कॉलोनियों को हतोत्साहित करने ननि ने भवन अनुज्ञा की स्वीकृति बंद कर दी है इसके बावजूद लगातार बेतरतीब निर्माण हो रहे है। इस मनमानी से शहर के विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की है।

**खास बात**
- जल निकासी के प्राकृतिक विकास के मार्ग हो रहे बाधित

शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है। भू-माफिया शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों के खेत एवं उबड़-खाबड़ पड़ती भूमि को खरीदकर लगातार प्लॉटिंग कर रहे है। शासन ने आवसीय व्यवस्था के भूखण्डों के विक्रय को कॉलोनाइजर एक्ट की परिधि में माना है वहीं 8 आवासीय भूखण्डों के पंजीयन पर विक्रेता का पंजीयन रेरा में कराना आवश्यक किया है। शासन द्वारा निर्धारित इन कठोर नियमों का शहर में कोई प्रभाव नहीं है। हालत यह है कि शहर में लगातार नई-नई कॉलोनियां विकसित हो रही हैं तथा अब तक 400 से अधिक अवैध कॉलोनियां विकसित हो गई है। कहीं कोने में 50 डिसमिल की कॉलोनी विकसित हो गई है तो कहीं 20 एकड़ एवं उससे बड़े क्षेत्र में। कोविड काल के बाद ननि भूमि का सत्यापन करने के बाद ही भवन अनुज्ञा की स्वीकृति दे रहा है ऐसे में अवैध कॉलोनियों मे भवन निर्माण की स्वीकृति लिए बिना ही लोग भवनों का निर्माण कर रहे हैं। इस तरह की अव्यवस्था से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही ऐसे क्षेत्रों का विकास अवरूद्ध हो गया है। शासन ने अवैध कॉलोनियों के नियमितिकरण की योजना बनाई है लेकिन शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के लिए न तो भूमि के विक्रेता न ही खरीददार तैयार हो रहे है। ननि प्रशासन ने ऐसी कॉलोनियों में निवासरत लोगों को नियमितिकरण के लिए प्रेरित करने सुभाषनगर की एक कॉलोनी का चयन किया है। कॉलोनी के निवासी ननि द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के लिए भी तैयार हो गए है लेकिन अन्य कॉलोनियों के लोग इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं जो भविष्य में बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है।



खेतों के बीच निर्मित आवासीय भवन।

### तीन श्रेणियों में बंटेगा शहर

ननि विकास को बढ़ावा देने के लिए बड़ा निर्णय लेने की तैयारी में है। योजनान्तर्गत शहर को विकसित, अर्द्धविकसित एवं अविकसित क्षेत्र में विभाजित करने एवं क्षेत्र के अनुसार विकास शुल्क निर्धारित करने की तैयारी है। ननि अब तक 2 रूपए वर्ग फीट की दर से विकास शुल्क वसूल रहा था जबकि छत्तीसगढ़ के अन्य नगर निगमों में विकास शुल्क 15 रूपए से 135 रूपए वर्ग फीट निर्धारित है। प्रदेश के अन्य निकायों की तरह नगर निगम भी क्षेत्र के अनुसार विकास शुल्क निर्धारित करेगा। अविकसित क्षेत्र के लोगों को विकास के लिए अब अधिक राशि का भुगतान करना होगा जबकि विकसित क्षेत्र के लोगों से बेहद कम शुल्क लिया जाएगा। नगर निगम की इसको भविष्य की विकास योजना में शामिल करने की भी तैयारी है। क्षेत्र कें बंटवारे से ननि की आय ब जाएगी तथा विकास के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत नहीं पड़ेगी। ननि प्राप्त विकास शुल्क से संबंधित क्षेत्र का विकास आसानी से कर सकेगा।

### बंद हो रहे प्राकृतिक जल निकासी के मार्ग

अवैध कॉलोनियों के बनने से जल निकासी के प्राकृतिक मार्ग तेजी से बंद हो रहे हैं। कालोनाइजर कमाई की लालच में जल निकासी के मार्गों को समतल कर बेच रहे हैं। खरीददार भी भविष्य में होने वाली परेशानी की चिंता किए बिना मकान बना रहे हैं। जल निकासी के प्राकृतिक मार्गों के बंद होने से लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है तथा इसका प्रभाव शहर की घनी आबादी में भी देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद शहर के पॉश इलाके की कॉलोनियां जलमग्न हो गई थी वहीं जल निकासी मार्ग पर बने आवास को भी भारी क्षति पहुंची थी। प्राकृतिक जल निकासी के मार्गों को अवरूद्ध करने से भविष्य में शहरवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### तैयार किया गया है ड्राफ्ट

विकास के लिए सुभाषनगर की एक अवैध कॉलोनी का चयन किया गया है। ननि ने महापौर की सहमति से शहर को तीन मार्गों में विभाजित करने एवं क्षेत्र अनुसार विकास शुल्क निर्धारित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव को एमआईसी बैठक में रखा जाएगा।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, ननि



## क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जमड़ी के छात्रों ने क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया है। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, टीम भावना और समर्पण से विभिन्न खेल स्पर्धाओं में सफलता प्राप्त की है,अब वे जोनल स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट कौशल और संघर्ष भावना का परिचय दिया। बालिका अंडर 17 आयु वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल पांडव पारा को 15-11 से हरा कर जोनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में जयदीप सारथी ने 30.60 मीटर भाला फेंक कर प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही पल्लवी एवं खुशबू ने भी वुशु में अपने मैच जीत कर जोनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य बृजेन्द्र श्रीवास्तव ने छात्रों की इस सफलता पर कहा कि सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को जाता है। साथ ही छात्रों की कड़ी मेहनत ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जमड़ी बल्कि इस क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हो रहा है।



## सड़क सुरक्षा पर हुई ब्लॉक स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

**मैनपाट।** हायर सेकेण्डरी स्कूल कमलेश्वरपुर में प्राचार्य राफेल बेक एवं बीपीओ सतनारायण भगत की उपस्थिति में विकासखण्ड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस दौरान संकुल समन्वयक काजेश कुमार घोष, कल्पदेव यादव, व्याख्याता समयलाल चौहान, चंद्रकांत वैष्णव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विकासखण्ड के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। वाद-विवाद प्रतियोगिता में हायर सेकेण्डरी स्कूल बन्दना प्रथम, सेजेस हिंदी माध्यम नर्मदापुर द्वितीय एवं सेजेस अंग्रेजी माध्यम नर्मदापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः 2500, 2000 एवं 1500 रूपए एवं 1000 का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक काजेश कुमार घोष ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विनोद कुमार, श्रीमती कविता, श्रीमती कृष्णा वर्मा, श्रीमती शीला एक्का ने निभाई।



## आरटीओ ने लगाया मवेशियों के लगे में रिफ्लेक्टर कॉलर

**राजपुर।** आरटीओ विभाग द्वारा सड़क पर आवारा मवेशियों के कारण होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने हेतु पहल करते हुए मवेशियों को रिफ्लेक्टर कॉलर लगाया है। इस अभियान की शुरुआत आरटीओ ने पोला पर्व के अवसर पर की है। बता दें कि प्रदेश की स्थापना के 25 वर्ष रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग ने स्थानीय लोक पर्व पोला के तहत सड़क सुरक्षा को समाहित करते हुए आरटीओ अधिकारी विनय कुमार सोनी के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत परिवहन उड़नदस्ता दल द्वारा मवेशियों के गले मे रिफ्लेक्टर कॉलर लगाया गया एवं उड़नदस्ता की विभिन्न टीम अलग अलग स्थानों पर मुख्य मार्गो पर विचरण करने वाले विभिन्न पेट्रोलिंग वाहन के माध्यम से सड़क में बैठे मवेशियों को सड़क से हटाने का कार्य किया गया।

## राणी सती दादी मंदिर में दो दिवसीय भादी मावस महोत्सव

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में कनहर नदी के तट पर स्थित राणीसती दादी मंदिर में दो दिवसीय भादी मावस महोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन जहां रानी सती दादी का ज्योत, रसोई एवं भजन मंडली द्वारा कीर्तन हुआ वहीं दूसरे दिन दादी भक्त माताओं द्वारा राणी सती दादी का मंगल पाठ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी आयोजन में सम्मिलित हुए।

राणीसती दादी मंदिर के मुख्य पुजारी धीरज मिश्रा ने बताया कि रानी सती दादी मंदिर में भादो मास की अमावस्या के अवसर पर राणी सती दादी महोत्सव प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 22 और 23 अगस्त को हुआ। इस दौरान मंगल पाठ, भजन कीर्तन, महा आरती, 56 भोग, दादी का श्रृंगार, चुनरी उत्सव सवामणि भोग किया गया। राणीसती दादी मंदिर में भादी मावस महोत्सव को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयार की जा रही थी। पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। महोत्सव के पहले दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु ज्योत लेने पहुंचे। इसी दिन रानी सती दादी का रसोई भी आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरे दिन मंगल पाठ का आयोजन एवं 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। मंदिर के पुजारी श्री मिश्रा ने बताया कि रानी सती दादी को सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज के साथ अन्य समाज के लोगों द्वारा आस्था के साथ अपने आराध्य के रूप में पूजा जाता है, सभी की मनोकामना को पूर्ण करने वाली राणी सती दादी के इस महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालु दादी की शक्ति साहस, समर्पण भावना को याद करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। राणी सती दादी मंदिर में भादी मावस के अवसर पर आयोजित विविध धार्मिक अनुष्ठानों में नगरपालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, अशोक जैन, शिव अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, नवल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, प्रकाशचन्द, अमित अग्रवाल, महेश कुमार, उमा शंकर सिंह, अजित गुप्ता, पंकज गुप्ता, राधा अग्रवाल, श्यामा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विमला देवी, शिप्रा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



## विश्वकर्मा सेवा समिति के पदाधिकारियों का चुनाव

**अम्बिकापुर।** विश्वकर्मा सेवा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष जय सियाराम विश्वकर्मा, सोनपुर, सचिव रंजन शर्मा मंगलढोढ़हा एवं कोषाध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा गांधीनगर निर्वाचित किए गये। समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष जय सियाराम विश्वकर्मा ने कहा कि अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन कर समाज को अग्रणी बनाने की दिशा में पूरी ऊर्जा से काम किया जाएगा। समिति के आम सभा की बैठक में नव निर्वाचित सचिव ने आगामी 3 दिवसीय पूजन कार्यक्रम पश्चात कार्यकारिणी का गठन करने की घोषणा की। आमसभा में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजन भव्य रूप से की जायेगी। इस दौरान बालकिशोर विश्वकर्मा, रामाधार विश्वकर्मा, शिवदानी विश्वकर्मा, रतन शर्मा, अजय विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, हरिलाल शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, मुरारीलाल शर्मा, उदय विश्वकर्मा, विरेन्द्र विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## 84 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब तस्करी करने के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने देश शराब के टेट्रा पैक की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से 84 लीटर शराब जब्त किया है।

बता दें कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रघुनाथनगर पुलिस ने झापर के रास्ते में घेराबंदी कर बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडडी 2001 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान वाहन सवार एमपी सिंगरौली बैढ़न के ग्राम गुफापर निवासी चन्दन बाबू आया. नागेन्द्र प्रसाद व सहयोगी यूपी बभनी डूमरहर निवासी अब्दुल सत्तार आ. स्व. हनीफ खान को हिरासत में लेकर वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपियों के पास से 420 नग वाह ऑरेंज नामक शराब जब्त किया गया। आरोपियों के पास से कुल 84 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है जिसकी कीमत 8 लाख 31 हजार 500 रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक योगेश मरावी, आरक्षक जुगेश जायसवाल, नगर सैनिक सचेत साहू, अरुण पटेल, टेकचंद वर्मा सक्रिय रहे।

## पेज 1 के शेष...

### यूपी से आकर आदिवासियों पर...

मारपीट की थी। इस घटना में विजय सिंह, विद्या सागर सिंह व शंकर प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका उपचार अभी तक अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा मामले में रामसाय गोंड की शिकायत पर बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 296, 351(2), 115(2), 109 (1) एवं एसटी एससी एक्ट की धारा 3 (1), (द), (घ), (छ), 3(2-5) के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में यूपी बभनी सागोबांध निवासी 65 वर्षीय रामलखन गुप्ता आ. स्व. मनमोहन गुप्ता, 51 वर्षीय श्याम बिहारी गुप्ता आ. जागेश्वर गुप्ता, 22 वर्षीय लक्ष्मी नारायण गुप्ता आ. राजेन्द्र गुप्ता, 27 वर्षीय विकास नन्द गुप्ता आ. ललन पता को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान पुलिस की जांच में यह बात सामने आई थी कि श्याम बिहारी गुप्ता एवं विकास नन्द द्वारा फरार चल रहे मुख्य आरोपियों ललन गुप्ता और विनोद गुप्ता से कई बार फोन पर बात की गई और उनको भगाने में सहयोग किया गया। लक्ष्मी नारायण ने फरार आरोपी अखिलेश गुप्ता के कहने पर उसके साले राजकुमार के मोबाईल फोन पे पर 500 रूपए डालकर भगाने में सहयोग किया। इसके साथ ही पुलुस ने मामले में 23 अगस्त को सागो बांध निवासी 35 वर्षीय सुनील गुप्ता आ. रामनारायण गुप्ता, 21 वर्षीय अंकित कुमार गुप्ता आ. राजेश प्रसाद गुप्ता, 30 वर्षीय अरविन्द गुप्ता आ. ललन प्रसाद गुप्ता, 30 वर्षीय मनोज कुमार गुप्ता आ. मुखलाल गुप्ता, 50 वर्षीय रामनारायण गुप्ता आ. स्व. मरंग गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कि गई तो उन्होंने जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज और जान लेवा हमला करने की बात स्वीकार की। इस दौरान अंकित गुप्ता ने अपने जीजा सुनील गुप्ता को सिम खरीदकर देने और जीजा को भगाकर दुद्धी पहुंचाने की बात स्वीकार की। थाना प्रभारी गजपति मिर्रे ने बताया कि इस मामले में अभी 10 से 12 लोग फरार चल रहे है जिनकी तलाश जारी है इसके साथ ही मामले की जांच भी चल रही है।

### पुरातात्विक और धार्मिक महत्व के स्थल...

श्रीराम मंदिर के बजाए दो किलोमीटर आगे सीता बेंगरा से दूरी की रिपोर्ट दी। वर्तमान में कोल ब्लॉक की दूरी का गलत आंकलन कर डायवर्सन के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। इस कोल ब्लॉक के न खुलने से किसी को नुकसान नहीं होगा, लेकिन खुलने से ऐतिहासिक धरोधर को नहीं बचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि रामगढ़ पहाड़, जोगीमाड़ा गुफा, जोगीमाड़ा का पर्वत संरक्षित क्षेत्र है। यह ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है। यहां हर वर्ष रामनवमीं पर लाखों लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय वनवासी एवं आदिवासियों की आस्था रामगढ़ पहाड़ से जुड़ी है। यही कारण है कि स्थानीय लोग इस पहाड़ के पास कोल खदान खोलने का लगातार विरोध कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा ग्रामसभाओं को फर्जी बताया गया है। वर्ष 2020 में तत्कालीन सरगुजा कलेक्टर ने पीकेईबी खदान की दूरी सीताबेंगरा ने 11 किलोमीटर बताई थी। जबकि रिपोर्ट में रामगढ़ के ऐतिहासिक राममंदिर (जोगीमाड़ा) एवं रामगढ़ पहाड़ की दूरी नहीं बताई गई थी। वर्तमान में डीएफओ ने वन डायवर्सन के लिए दी गई सहमति में भी सीताबेंगरा तक की दूरी 11 किलोमीटर बताई है। खदान की सीमा के नजदीकी छोर के बजाए दूसरे नजदीकी छोर से यह दूरी नापी गई है। केते एक्सटेंशन कोल ब्लाक की सीमा से रामगढ़ पहाड़ की दूरी 8.1 किलोमीटर, जोगीमाड़ा की दूरी 9.3 किलोमीटर है। यदि हमारा दावा गलत है तो पुनः इसकी नाम कराई जाए। इस दौरान समिति के सदस्यों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व जिलाअध्यक्ष राकेश गुप्ता, अनूप मेहता, सहत अन्य मौजूद थे।



## राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राधा, कृष्णा बनो प्रतियोगिता का आयोजन नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मुख्य अतिथि,उपाध्यक्ष शीला जायसवाल की अध्यक्षता में तथा डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, नगीना देवी, अजय केशरी के विशिष्ठ आतिथ्य में अयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा राधा कृष्ण के तैलीय चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा 12 वी के छात्रों द्वारा राधा, कृष्ण की मंगल आरती किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार मिश्र द्वारा कार्यक्रम के रूपरेखा पर प्रकाश डालते कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता तीन स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमे प्रथम स्तर पर प्रभात, अरुण, उदय के छात्र-छात्राएं द्वितीय स्तर पर कक्षा प्रथम और द्वितीय एवं तृतीय स्तर पर कक्षा तृतीय चतुर्थ के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष और विद्यालय के व्यवस्थापक रमन अग्रवाल ने कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के वातावरण में जो शिक्षा और संस्कार देना चाहिए वह कार्य विद्यालय द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान करना ही विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष शीला जायसवाल डॉ. प्रज्ञा गुप्ता ने संबोधित करते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, आचार्य अभय सिंह, सुनील वर्मा, रामविलास सिंह, आशीष शर्मा, अयोध्या अग्रवाल, मुकेश पोद्दार, दीपक कश्यप, प्रतिमा पांडे, पूजा चौरसिया, सुनीता सिंह सहित अन्य आचार्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411